# जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, सरायकेला–खरसावाँ।

(सामान्य  ाखा)

## झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, सरायकेला–खरसावाँ जिलांतर्गत गृह रक्षकों के नव–नामांकन से संबंधित विज्ञापन

सरायकेला–खरसावाँ जिला के आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, सरायकेला–खरसावाँ में गृह रक्षकों के स्वीकृत बल में उपलब्ध रिक्तियों के विरूद्ध कुल–446 ग्रामीण/शहरी पुरूष/महिला (जिसमें महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत पद आरक्षित है) गृह रक्षकों के नवनामांकन हेतु दिनांक–03.12.2025 से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। ऑनलाईन आवेदन दिनांक–03.12.2025 से दिनांक–18.12.2025 तक वेबसाईट https://recruitment.jharkhand.gov.in पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से भरे जाएंगे। सफलतापूर्वक भरे गये ऑनलाईन आवेदन का प्रिन्टआउट (अनुलग्नक के साथ) को अभ्यर्थी द्वारा दिनांक–03.12.2025 से दिनांक–18.12.2025 तक जिला समादेष्टा कार्यालय, सरायकेला–खरसावाँ में जमा करना अनिवार्य है।

ग्रामीण/शहरी गृह रक्षकों के नवनामांकन हेतु दिनांक–01.01.2025 को अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु 19 (उन्नीस) वर्ष एवं अधिकतम आयु सीमा 40 (चालीस) वर्ष निर्धारित है। ग्रामीण गृह रक्षकों के नवनामांकन हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता सप्तम उत्तीर्ण एवं शहरी गृह रक्षकों के नवनामांकन हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक उत्तीर्ण निर्धारित है। गृह रक्षकों के नवनामांकन प्रक्रिया में अभ्यर्थियों को शारीरिक जाँच, लिखित परीक्षा एवं चिकित्सकीय जाँच परीक्षा में सम्मिलित होना होगा। सरायकेला–खरसावाँ जिलान्तर्गत गृह रक्षकों के नवनामांकन हेतु विज्ञापन सूचना वेबसाईट https://recruitment.jharkhand.gov.in पर प्रकाशित की जा रही है, जिसमें नवनामांकन से संबंधित प्रखण्डवार/नगरीय क्षेत्र के लिए महिला एवं पुरूश गृह रक्षकों के रिक्तियों की संख्या, अर्हत्ता, चयन प्रक्रिया, आवेदन जमा करने की तिथि एवं प्रक्रिया आदि का उल्लेख है। नवनामांकन हेतु विज्ञापन सूचना किसी भी कार्य दिवस में सामान्य शाखा, समाहरणालय, सरायकेला–खरसावाँ, जिला समादेष्टा का कार्यालय, सरायकेला–खरसावाँ के सूचनापट्ट एवं जिले के वेबसाईट https://seraikela.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

अतः इच्छुक अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त विज्ञापन सूचना में वर्णित अर्हत्ता, चयन प्रक्रिया एवं अन्य सूचनाओं को बारिकी से पढ़कर वेबसाईट https://recruitment.jharkhand.gov.in पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से दिनांक–03.12.2025 से दिनांक–18.12.2025 तक आवेदन ऑनलाईन रूप से समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे और सफलतापूर्वक भरे गए ऑनलाईन आवेदन की हार्ड कॉपी को विहित समय सीमा के भीतर जिला समादेष्टा कार्यालय, सरायकेला–खरसावाँ में जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

उपायुक्त,<br>सरायकेला–खरसावाँ।

e-kalyan.org